तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार, 6 जुलाई 2024




12 लोगों को जागरूक करने आंगनबाड़ी...



12 पखांजूर इलाके के बच्चे का लगातार प्रावीण्य सूची...



## खबर संक्षेप

### एकलव्य आवासीय शाला में 15 शिक्षकों की नियुक्ति



**दुर्गुकोदल।** संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय दुर्गुकोंदल शुरूआती दौर शिक्षकों की कमी से जूझ रही थी। शिक्षक की कमी का असर बच्चों की पढ़ाई पर पढ़ रहा था अब 15 शिक्षकों की नियुक्ति हो गई है और अब बच्चे विषयवार पढ़ाई कर रहे हैं। अनुकृति सगुन उत्तर प्रदेश, सुनील कुमार उत्तर प्रदेश, राकेश कुमार उत्तर प्रदेश, निर्मल अग्रवाल राजस्थान, चेतन तोमर राजस्थान, मीनू रानी उत्तर प्रदेश , मधुश्री ठाकुर पश्चिम बंगाल, सुमीत कुमार उत्तराखंड, सलाउद्दीन उत्तर प्रदेश, शिखा झा बिहार, धर्मेंद्र शाह रावत दिल्ली, चक्रवर्ती यादव उत्तर प्रदेश, दीप्ति दिल्ली, रीतू देवी हरियाणा की नियुक्ति संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय दुर्गुकोंदल में पदस्थापना हुई। नए प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति होने से बच्चों की पढ़ाई निर्बाध रूप से चल रही है।

### शिक्षक-शिक्षिका के जन्मदिन पर कोदागांव में नेवता भोज



**कांकेर।** जिला मुख्यालय के समीप ग्राम कोदागांव में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्रधान अध्यापक दिनेश सेवता, शिक्षिका संतोषी प्रधान अपने जन्म दिवस के अवसर पर अपने विद्यालय में नेवता भोज का आयोजन किया गया, इसमें पूर्व शिक्षकों ने अपने जन्म दिवस पर विद्यालय परिसर में फलदार पौधे रोपण कर गार्डन का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के 170 बच्चे शाला प्रबंधन समिति सहित हाई स्कूल कोदागांव समस्त स्टाफ नेवता भोज में शामिल हुए। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच पंचूराम नायक, जनपद सदस्य रेशमा केसरी, गणमानय दयाराम आरदे, मधुसूदन साहू, दीनूराम पटेल, लादूराम पटेल, प्राचार्य जीडी वाधवानी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए।

### इलाज के दौरान अधेड़ की मौत

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत ग्राम पदकालबेड़ा निवासी 50 वर्षीय अंकालूराम कोरेटी पिता बिदेसिंह का 19 अप्रैल की सुबह साढ़े 8 बजे सीएचसी अंतागढ़ मे ईलाज के दौरान मौत हो गया। अस्पताल प्रबंधन ने थाना अंतागढ़ से बिना नंबरी मर्ग डायरी पेश करने पर थाना ताड़ोकी में असल नंबरी मर्ग कायम कर जांच कार्यवाही में लिया गया।

### घरेलू बात पर पति पत्नी में हुआ विवाद

**कांकेर।** थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे शहर के ईमलीपारा निवासी 42 वर्षीय सिंधु मानिकपुरी पति कुंवरदास मानिकपुरी ने पुलिस को बताया की 4 जुलाई की रात मेरे पति के द्वारा घरेलू बातों को लेकर वाद विवाद हुआ। विवाद होने के बाद रात में सो गए थे, फिर अगले दिन 5 जुलाई को सुबह से दोपहर 3 बजे मेरे पति मुझे रात्रि में लड़ाई झगड़ा की बात को लेकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया और हाथ थप्पड़ से मारपीट करते हुए घर में रखे लकड़ी के डण्डा से मारपीट किया है। मारपीट से मेरे दोनो हाथ व सिर में चोट लगा है। मारपीट की घटना के बारे में अपने सास ससुर को जानकारी दी। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### सर्वआदिवासी समाज की बैठक आज होगी

**जगदलपुर।** सर्व आदिवासी समाज की बैठक जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पराली (नदीसागर) में 6 जुलाई को दोपहर 12 बजे रखा गया है।


# कचरा पृथक्कीकरण केंद्र में अवैध निवास की जांच के लिए टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अरौद मे महानदी के किनारे बने कचरा पृथक्करण केंद्र के एक कमरे में अवैध रेत का उत्खनन करने वाली चैन माउंटेन के चालक व परिचालक रह रहे थे। हरिभूमि इसके आवंटन की खोजबीन कर रहे थे, तभी शाम को सरपंच ने उस कक्ष का ताला तोड़कर उसमें रखे सामान की जप्ती बनाते हुए पंचनामा तैयार किया। पंचायत ने क्या कार्यवाही किया, इसकी जानकारी अभी तक नहीं पता चल सका वहीं जिला पंचायत ने इस मामले की जाँच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन कर दिया है।

जानकारी के अनुसार अरौद महानदी के किनारे कचरा पृथक्करण केंद्र बना हुआ है। हरिभूमि टीम 1 जुलाई को पहुँची थी, तो इस कमरे में दो युवक ज्ञानदास मानिकपुरी और निवेश मानिकपुरी थे। हरिभूमि ने उनसे जानना चाहा कि आप लोग कौन है, उसमें एक युवक ने अपना नाम ज्ञान दास मानिकपुरी पिता गंगाधर जिला बलोदा बाजार बताया। उसने यह भी बताया कि कचरा पृथककरण शेड के एक कमरे में एक माह से रह रहा हूँ और गैस वगैरह पूरी व्यवस्था धमतरी वाले सेठ बाबी बाधवानी ने किया है। एक माह से रेत निकालने और लोडिंग करने का काम कर रहे है। पंचायत प्रतिनिधियों ने 1 जुलाई को पंचनामा तैयार किया, जिसमें उल्लेखित है कि ग्राम पंचायत अरौद के अपशिष्ट प्रबंधन (कचरा शेड) में अवैध रेत उत्खनन करने वाले ▶▶| शेष पेज 10 पर

## गैस की व्यवस्था धमतरी सेठ बाबी बाधवानी ने की



कार्यालय, जिला पंचायत, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)





### गठन, नियमानुसार होगी कार्रवाई

हरिभूमि ने इस मामले में जिला पंचायत सीईओ सुमीत अग्रवाल से जानकारी चाही गई तो उन्होने बताया कि जाँच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। इस टीम को सात दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने आदेश दिया गया है। रिपोर्ट मिलने के उपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## हादसा : थाना प्रभारी ने कहा-सिर में चोट आने से हुई मौत, मर्ग कायम

# खेत में निर्माणधीन लाड़ी भरभराकर गिरी, कामकाजी युवती की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/ कोयलीबेड़ा

- काम के दौरान दोपहर 12 से 1 बजे के मध्य हुई दुर्घटना
- निर्माण कार्य में खामी नहीं मिली, निर्माण कच्चा होने हुआ हादसा

लाड़ी निर्माण में लगे परिवार के लोग शुक्रवार 5 जून को खपरा छा रहे थे, उसी समय लाड़ी अंदर लाड़ी मालिक के परिवार की युवती काम कर रही थी। अचानक लाड़ी भराभरा कर ढहने से लाड़ी के अंदर काम कर रही युवती की दबने से मौत हो गई। युवती की जान बचाने आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोयलीबेड़ा ले गए, परंतु चिकित्सक ने जाँच कर बताया कि मौत हो गई है। घटना की जानकारी पुलिस को दिया गया। पुलिस ने घटना की विस्तृत जानकारी लिया और शव का पंचनामा तैयार कर पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया।

जानकारी के अनुसार कोयलीबेड़ा निवासी सतऊराम शोरी की नवतोड़ जमीन कोयलीबेड़ा थाना से लगभग 150 मीटर की दूरी पर है। नवतोड़ जमीन में नई लाड़ी का निर्माण खेत मालिक करवा रहा था। नई लाड़ी बनाने में जमीन के मालिक का भांजा कमलेश्वर दुग्गा, उसकी मंगेतर तुरसानी निवासी रसीला हिचामी, रसीला हिचामी का छोटा भाई व अन्य लोग 5 जुलाई को काम कर रहे थे। नवनिर्मित लाड़ी के ऊपर चढ़कर सभी लोग खपरा डालने का काम कर रहे थे वहीं कमलेश्वर दुग्गा की मंगेतर तुरसानी निवासी रसीला हिचामी लाड़ी के अंदर काम कर रही थी। काम करने के दौरान दोपहर को लगभग 12 से 1 बजे के मध्य लाड़ी अचानक भरभराकर गिर गई, जिससे लाड़ी के अंदर काम कर रही रसीला हिचामी दब गई और लाड़ी में लगी लकड़ी से उसके सिर पर चोट आई। काम करने वाले उसके रिश्तेदारों ने उसे निकालकर आनन फानन में कुछ दूरी पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोयलीबेड़ा ले गए। चिकित्सकों ने युवती की जांच किया और उसके परिजनों ▶▶| शेष पेज 10 पर



### लापरवाही की नहीं है जानकारी

लाड़ी बनने के दौरान किसी तरह की लापरवाही लाड़ी मालिक के द्वारा बरती गई, इसकी जानकारी किसी के पास नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि लाड़ी बनने के बाद बारिश हो जाने के कारण उसमें जो मजबूती होनी चाहिए, वो मजबूती नहीं थी। खपरा डालने के लिए लगे लोगों का भार सहन नहीं करने के कारण ही लाड़ी भरभराकर गिर गई, जिसके चलते यह हादसा हो गया। इसमें किसी की कोई गल्ती नहीं है, यह एक हादसा था, जिसमें तुरसानी की युवती की जान चली गई।

### सिर में चोट लगने से हुई मौत

कोयलीबेड़ा थाना प्रभारी मलिक केवट ने बताया कि लाड़ी के गिरने से लाड़ी में लगे लकड़ी का पटिया युवती के सिर पर गिरा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई, जिसके चलते उसकी मौत हुई है। मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है। शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया है।

# नक्सल पीड़ित परिवारों से कलेक्टर-एसपी का संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- समस्याओं के समय पर निरारकण करने का दिया आश्वासन

नक्सली पीड़ितों के लिए बनाई गई नक्सल पीड़ित पुर्नवास समिति की बैठक कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलीसेला ने लिया और लंबित प्रकरणों पर चर्चा कर उनके निरारकण को लेकर रणनीति तैयार की गई। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 5 जुलाई को कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक के साथ नक्सल पीड़ितों से चर्चा कर उनकी विभिन्न मांग एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी लिया और नियमानुसार निराकरण करने का आश्वासन दिया। बैठक में जिले के नक्सल पीड़ितों के पुनर्वास के लिए लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विस्तृत चर्चा किया गया। कलेक्टर एवं एसपी ने बैठक में उपस्थित पीड़ितों से व्यक्तिगत तौर पर बारी-बारी से पूछा तथा कहा कि समिति द्वारा निराकरण के लिए लंबित मामलों पर शासन की पुनर्वास नीति के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

इस बारे में बताया गया कि विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित समिति में कुल 35 मामले सामने आए है, इन मामलो की जाँच कराए जाने पर 25 मामले नियमों के अनुरूप है और इनके समाधान के लिए कार्यवाही करते हुए उनको मिलने वालें लाभ के प्रकरण को तैयार कर कार्यवाही की जा रही है।

आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर एस. अहिरवार, जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल, सहायक आयुक्त कुर्रे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला किसान के खेत से सौर उर्जा मोटर पंप की चोरी, दर्ज हुआ मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कुरूष्टीकुर निवासी महिला किसान के खेत में लगे सौर उर्जा मोटर पंप को अज्ञात चोर चोरी करके नौ दो ग्यारह हो गए। महिला किसान की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंची कुरूष्टीकुर निवासी महिला किसान 48 वर्षीय उर्मिला दर्रो पति स्व. नवल दर्रो ने पुलिस को बताया कि 11 अगस्त 2023 को घर से 2 किलोमीटर दूर मांदरी रोड में मेरे खंभे के खेत में सौर उर्जा मोटर पंप सरकारी विभाग की मदद से लगाया गया। सौर उर्जा मोटर पंप लगने से सिंचाई हो जा रही थी और फसल भी अच्छी हो रही थी। मेरे खेत में लगे सौर उर्जा मोटर पंप को 20 जून 2024 को किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया। सौर उर्जा मोटर पंप की कीमत लगभग 6 हजार रुपएं हैं। घटना की जानकारी गांव वालों को भी दिया और आसपास पता भी लगाया गया, परंतु सौर उर्जा मोटर पंप की चोरी होने के बारे में कुछ भी नहीं पता ▶▶| शेष पेज 10 पर



# खेत बोआई के नाम पर छोटे भाई को पीटा एवं जान से मारने की धमकी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कोरर थानांतर्गत ग्राम हेटारकसा में खेत की बुआई करने को लेकर बड़े भाई व भाभी के साथ हुआ विवाद बढ़ते - बढ़ते मारपीट में तब्दील हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

कोरर थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम हेटारकसा निवासी 39 वर्षीय नारायण साहू पिता स्व. पाऊराम साहू ने पुलिस को बताया कि मैने 27 जून को खेत का सीमांकन करवाया था और सीमांकन में मेरे खाते में आने वाले खेत पर 4 जुलाई को बुआई करने गया था। मेरे बडे भाई सुनी लाल साहू और मेरी भाभी चन्द्रबत्ती साहू दोनो पति पत्नी मेरे खेत में आएं और कहने लगे कि तुम्हे इस खेत में काम करने नही दूंगा कहते हुए मुझे गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए बड़े भाई और भाभी दोनो मिलकर मेरे साथ मारपीट करने लगे, जिससे मेरे छाती व पीठ में अंदरूनी चोट लगा है। बड़े भाई व भाभी के ▶▶| शेष पेज 10 पर



# जल जीवन मिशन में गांवों की महिलाओं का योगदान अति महत्वपूर्ण और कारगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- करियापहर में हर घर को मिल रहा पानी, महिलाओं के चेहरे खिले

जलजीवन मिशन के अंतर्गत दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में हर घर जल का सपना साकार हो रहा है। इस योजना से जिले के दूरस्थ अंचलों में भी घर-घर शुद्ध पेयजल मिल रहा है और ग्रामीणों को पेयजल संकट भी दूर हो रहा है, विशेषकर महिलाओं को इस योजना से काफी राहत मिल रही है। करियापहर में जल जीवन की मिशन की कमान महिलाओं ने संभाल रखी है और हर घर को पानी मिल रहा है।

विकासखंड नरहरपुर के ग्राम पंचायत बीरनपुर के आश्रित ग्राम करियापहर ऐसा गांव है, जहां जल जीवन मिशन के तहत हर घर को शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है। करियापहर गांव में परिवारों की संख्या 149 और कुल जनसंख्या 767 है, जिसमें महिलाओं की संख्या 369 एवं पुरूषों की संख्या 398 है। यह गांव के कुल भू-भाग का 3 प्रतिशत हिस्सा उबड़-खाबड़ तथा पथरीला होने के कारण यहां पानी सामान्य से कम मात्रा में पाया जाता है। साथ ही सभी मौसमों में पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं रहता है। यहां निस्तारी के लिए अन्य स्त्रोतों का उपयोग किया जाता है, जिनमें तालाब तथा कुएं शामिल हैं। यहां के ▶▶| शेष पेज 10 पर



### जल संरक्षण का दिया जा रहा संदेश

जलजीवन मिशन के सदस्य सचिव और कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी बी.एन. भोयर ने बताया कि इसके तहत सबसे पहले गांव में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति का गठन किया गया एवं उन्हें नियमानुसार प्रशिक्षण प्रदान किया गया। गांव के लोगों को साफ एवं शुद्ध पेयजल से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी गई। गांव की पांच महिलाओं का चयन कर उन्हें जल गुणवत्ता परीक्षण सिखाया गया है। स्कूलों में बच्चों को सफाई की आदतों को अपनाने एवं साफ-सफाई के बारे में जानकारी प्रदान की गई। ग्रामवासियों को जल स्रोतों के स्थायित्व के लिए भूमिगत जल के संरक्षण के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही गांव में जलजीवन मिशन द्वारा लगाए गए जल स्रोतों की सुरक्षा तथा रख-रखाव के लिए गांव के लोगों को प्रेरित किया गया।

## पटवारी संघ ने समस्याओं के निराकरण के लिए सीएम के नाम का कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

# आनलाइन भुइयां में संसाधनों के अभाव से पटवारियों की मुसीबत बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- राजस्व पटवारी संघ ने सुधार नहीं करने पर 8 से करेंगे आंदोलन

राजस्व पटवारी संघ विगत वर्षो की मांगो और ऑनलाईन भुइयां में हो रही गंभीर समस्याओं को लेकर पटवारी को दोषी करार दिए जाने को लेकर पटवारी परेशान है और इसी परेशानी को देखते हुए पटवारी संघ ने समस्याओं के निराकरण की माँग सीएम के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा है। पटवारी संघ ने माँग पूरा नहीं होने पर 8 जुलाई से आंदोलन करने की अल्टीमेटम दिया है।

पटवारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि सीएम के नाम पत्र लिखा गया है, उसमें समस्याओं का उल्लेख किया गया है। उन्होने बताया कि ऑनलाईन कार्य करने आज तक किसी भी प्रकार की सुविधा यथा कम्प्यूटर, लैपटाप, प्रिंटर, स्कैनर, इंटरनेट आदि उपलब्ध नहीं कराया गया है। पटवारी अपने संसाधन से ऑनलाईन का कार्य करते हैं, जो कि पटवारियों पर अतिरिक्त व्यय भार है। पटवारियों को संसाधन एवं नेट भत्ता उपलब्ध कराया जाए। ऑनलाईन नक्शा बटांकन, संशोधन पहले पटवारी आईडी में संशोधित कर राजस्व निरीक्षक की आईडी में भेजा जाता है, जिसके कारण जब तक राजस्व निरीक्षक आईडी से अनुमोदन नहीं होता, तब तक उसी नक्शे से संबंधित अन्य बटांकन या संशोधन नहीं किया जा सकता, जिसके कारण अनावश्यक विलंब होता है। पटवारी द्वारा अनुमोदन के लिए भेजा गया नक्शा बटांकन प्रस्ताव पटवारी आईडी में नहीं दिखता है, जिससे त्रुटि की संभावना रहती है। सामान्यतः नक्शा का सर्वर अधिकांशतः नहीं खुलता है और खुलता भी है तो अत्यंत ही धीमा रहता है। प्रत्येक नक्शा बटांकन पश्चात दुबारा लॉगिन करना पड़ता है, जिसका अभी तक निराकरण नहीं किया गया है। जिले स्तर पर सहायक प्रोग्रामरों की पदस्थापना हुई है, यह छोटी छोटी समस्या के लिए प्रोग्रामर रायपुर बुलाते है, जो व्यवहारिक नहीं है। त्रुटिपूर्ण खसरे जो बैंक में बंधक है, जिनकी सूची बनाकर रायपुर भेजा गया है। ऐसे खसरों को शुद्व या विलोपित करने का आज तक आश्वासन नहीं दिया गया है एवं न ही एनआईसी द्वारा उसको विलोपित किया जा रहा है। भूमि के क्रय व विक्रय के दौरान जिस रकबा का बिक्री होता है, उसका उल्लेख ऑनलाईन में नहीं होता है। भुईयां साफ्टवेयर में विसंगतियों के कारण एक ओर जहां पटवारियों को कार्य करने में परेशानी हो रही हैं, वहीं दूसरी ओर खाताधारकों, भूमि स्वामियों व कृषकों को भी अनावश्यक न्यायालयीन कार्यवाही का ▶▶| शेष पेज 10 पर




हरिभूमि **पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### कम्पोजिट भवन में प्लेसमेंट कैम्प 8 को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी द्वारा 8 जुलाई को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक कम्पोजिट भवन के कक्ष क्रमांक 45 में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 440 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। इनमें एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस लाइफ मित्र, सिक्युरिटी गार्ड, सिक्युरिटी सुपरवाईजर और लेबर के पद शामिल हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता पांचवीं, आठवीं, दसवीं, बारहवीं और स्नातक हो, वे इस प्लेसमेंट कैम्प में हिस्सा ले सकते हैं।

### दो गांजा तस्करों को 5-5 साल का कारावास

**धमतरी।** उड़ीसा से गांजा तस्करी करते पकड़े गए दो तस्करों को विशेष न्यायाधीश ने 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार घटना 23 अक्टूबर 2023 की है। बोराई पुलिस बेरियर में वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान उड़ीसा की तरफ से बाइक क्रमांक सीजी 04 एचक्यू 1920 से दो युवक आ रहे थे। पुलिस ने बाइक को रोककर तलाशी ली। संदेहियों के कब्जे से 12 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी हीरालाल नागेश पिता रघुमणि उम्र 53 वर्ष धौराकोट थाना देवभोग जिला गरियाबंद व देवकुमार गोंड़ पिता पुरेन उम्र 30 वर्ष ग्राम नकटी सिमोड़ा थाना रायघर उड़ीसा निवासी को एनडीपीएस एक्ट 20(बी)(II)(बी) के तहत गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय में पेश किया। विशेष न्यायाधीश केएल चारवानी ने सभी सबूतों को देखने व गवाहों को सुनने के बाद आरोपियों पर दोष सिद्ध होना पाया। न्यायाधीश ने अभियुक्त हीरालाल नागेश व देवकुमार गोंड़ को 5-5 साल का कठोर कारावास व 50-50 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया। अर्थदण्ड अदा नहीं करने पर एक-एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। प्रकरण में शासन की ओर से एनके देवांगन विशेष लोक अभियोजक थे।

### दर्जनों वाहनों में की गई तोड़फोड़

**धमतरी।** घरों के सामने खड़े दर्जनभर वाहनों में अज्ञात आरोपी ने तोड़फोड़ की है। वाहन मालिकों ने कोतवाली में घटना की शिकायत की है। असामाजिक तत्व रात्रि होते ही शहर में उत्पात मचाने से नहीं चूक रहे हैं। वहीं चोर भी घरों के सामने खड़े वाहनों के पहिये व बैटरी की चोरी कर फरार हो जाते हैं। वाहनों में तोड़फोड़ कर देते हैं। कुछ इसी तरह की घटना बुधवार की देर रात्रि शहर में हुई है। आमातालाब रोड, शिवचौक, सदरबाजार सहित अन्य स्थानों पर रात्रि में वाहनें खड़े थे। अज्ञात आरोपी ने घूम-घूमकर घरों के सामने खड़े दर्जनभर से अधिक वाहनों में तोड़फोड़ की है। इस घटना में वाहनों के शीशे क्षतिग्रस्त हुए हैं। गुरुवार की सुबह अपने वाहनों को क्षतिग्रस्त देख कुछ वाहन मालिकों ने सिटी कोतवाली में घटना की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस घटनास्थलों के आसपास लगे सीसी टीवी फुटेज को खंगालने में जुट गई है।

# राज्य के कालेजों में नई शिक्षा नीति से इसी सत्र से होगी पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



राज्य शासन द्वारा 2024 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 सभी महाविद्यालय में लागू किया जा रहा हैं। इस शिक्षा नीति में पुरानी शिक्षा नीति से बहुत ज्यादा बदलाव है राष्ट्रीय शिक्षा नीति के समस्त बिंदुओं पर जानकारी होना सभी शिक्षक एवम विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य है। इसके लिए संचालनालय उच्च शिक्षा विभाग रायपुर के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन लिए जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं, जो जिले के समस्त महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापको एवं कर्मचारियों को इस नीति के से अवगत कराएंगे जिसके तहत आज को चयतु गायता आलोर शासकीय महाविद्यालय फरसगांव जिला कोंडागांव में मास्टर ट्रेनर शशि भूषण कन्नौज के द्वारा प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला में बताया गया की अब सभी महाविद्यालयो सेमेस्टर शिक्षा प्रणाली लागू होगी जिसमे 6 माह में सेमेस्टर एग्जाम देने होंगे अब नवीन शिक्षा नीति 3 वर्षीय या 4 वर्षीय पाठ्यक्रम होगा जिसमें 3 वर्ष पश्चात पढाई छोड देने पर विद्यार्थियों को डिग्री प्राप्त होगी एवं चौथे वर्ष वह पढाई जारी रखना चाहता है तो किसी पर्टिकुलर विषय में ऑनर्स कर सकता है एवं 75 प्रतिशत से ऊपर अंक अर्जित करने पर वह ऑनर्स के साथ रिसर्च कर सकता है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति चॉइस बेस क्रेडिट सिस्टम पर आधारित होगा इस शिक्षा नीति में साइंस बैकग्राउंड के विद्यार्थी को जेनेरिक इलेक्टिव के रूप में आर्ट या कॉमर्स के विषय पढ सकते है तथा इसी प्रकार आर्ट के विद्यार्थी साइंस या कॉमर्स के एक सब्जेक्ट पढ सकते हैं एवं कॉमर्स के विद्यार्थी भी इसी तरह आर्ट्स या साइंस के एक विषय पढेंगे।

इस कार्यक्रम में एम.आर.जागडे, बी.पी.साहू, राजेंद्र मरकाम, सीमा बघेल, तीरथ बरिहा,चंपा मरकाम ,सुलोचना सलाम, नवरोजी वृंदा ,पटेल एवम महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवम कर्मचारी उपस्थित रहें।

**शिक्षा सत्र : बालिकाओं को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिल वितरित**

# शाला प्रवेश उत्सव में पाठ्यपुस्तकें पाकर साल्हे के विद्यार्थियों हुए खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

हाई स्कूल साल्हे, माध्यमिक शाला साल्हे,, प्राथमिक शाला साल्हे के संयुक्त तत्वावधान में शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के द्वारा बच्चों के लिए शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य जीवराखन सलाम,, सरपंच खिलावन आचला एवं पूर्व जनपद सदस्य पार्वती बधेल पंच परमेश्वर गण पालक गण समिति के सदस्यों के द्वारा शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम ज्ञान की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र में दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। तत्पश्चात नवप्रवेशी बच्चों को तिलक एवं मिठाई खिलाकर, एवं गणवेश एवं पुस्तक वितरण कर अतिथि के माध्यम से बच्चों के उज्जवल भविष्य के सम्बोधन के पश्चात सभी बच्चों एवं अतिथियों को स्वल्पाहार एवं भोजन कराकर कार्यक्रम का क्रिया वयन किया गया। कार्यक्रम में साल्हे माध्यमिक विद्यालय, साल्हे हाईस्कूल एवं साल्हे प्राथमिक शाला साल्हे के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं संकुल समन्वयक धर्मराज कोरेटी का सम्पूर्ण योगदान रहा।




### भानबेड़ा में मनाया गया संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

5 जुलाई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानबेड़ा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें भानबेड़ा संकुल के 7 प्राथमिक शाला, तीन माध्यमिक शाला और दो हायर सेकंडरी विद्यालय शामिल हुए संकुल प्राचार्य जयराम तेता के अध्यक्षता में संपूर्ण कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में क्रमशः सर्वप्रथम सम्माननीय अतिथियों एवं समस्त शिक्षकीय स्टाफ के द्वारा शासन की योजना के तहत पौधारोपण किया गया ,तत्पश्चात सम्माननीय अतिथियों के द्वारा शासन की महत्वपूर्ण योजना के तहत कक्षा नवमी की बालिकाओं को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिल वितरण किया गया तदुपरांत समस्त अतिथियों का स्वागत वंदन किया गया उद्बोधन की कड़ी में सर्वप्रथम स्वागत उद्बोधन प्रेषित करते हुए प्राचार्य जयराम तेता ने समस्त पालको एवं आए हुए अतिथियों को प्रवेश उत्सव के महत्व को बताया तथा यह क्यों मनाया जाता है विस्तार पूर्वक संबोधित किया अपने संकुल के अंतर्गत बच्चों की उपलब्धियां को समस्त अतिथियों को बताया पालकों से आग्रह किया कि अपने बच्चों को प्रतिदिन शाला भेजें तथा आप स्वयं पालक मीटिंग में प्रतिमाह आए समस्त अतिथियों के द्वारा समस्त बच्चों को संबोधित किया गया कि आप सभी अच्छे से पढ़ाई करें और अपने ग्राम तथा देश का नाम रोशन करें अतिथियों ने उपस्थित पालको से भी अनुरोध किया कि आप सभी प्रतिदिन अपने बच्चों को शाला भेजें कार्यक्रम में कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चों को पुस्तक वितरण तथा गणेश वितरण किया गया इसी तरह माध्यमिक शाला और हाई स्कूल के बच्चों को भी निशुल्क पाठ पुस्तक अतिथियों के द्वारा वितरित गया उपरोक्त कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सुनाराम तेता ,जनपद सदस्य रामबाई गोटा, सरपंच जागेश्वर नरेटी, कोमल उपेन्डी, ममता ठाकुर, खेमलाल साहू, प्रमोद कोमरे, कमलेश धनकर ,रमेश चुरेंद्र, कुंती भुवार्य, कौशल यादव, पीला बाई समस्त प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला के एसएमसी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष समस्त प्राथमिक शाला माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक ,हायर सेकेंडरी के प्राचार्य टिकेश ठाकुर एवं संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं तथा स्कूली बच्चे उपस्थित थे आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक अनु राम पिस्दा ने किया।

# पूर्व सैनिक परिषद ने मनाई विवेकानंद की पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पूर्व सैनिकों, जन प्रतिनिधि, नगरवासियों और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों ने स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया और मोमबत्तियाँ जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दिया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के सरंक्षक सुब्रत साहा ने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि स्वामी विवेकानंद वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे। उनका वास्तविक नाम नरेन्द्र नाथ दत्त था।

उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में सन 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने राम—ष्ण मिशन की स्थापना की थी जो आज भी अपना काम कर रहा है। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के जिलाध्यक्ष सुरज यादव ने प्रशिक्षणार्थियों को स्वामी विवेकानंद के आदर्शो पर चलने के लिए प्रेरित किया और स्वामी जी के आदर्श वाक्य के बारे में बताया कि उठो जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाता। इसके बाद स्वामी विवेकानंद – अमर रहे और भारत माता की जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

ये रहे उपस्थित – इस अवसर पर कोंडागाँव ब्लॉक में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के सरंक्षक सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सुरज यादव, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, पूर्व सैनिक बी.डी. एन. सिंह, पूर्व सैनिक अमृतलाल देवांगन, पूर्व सैनिक चंद्रहास वर्मा, पूर्व सैनिक राकेश कुमार और फरसगाँव ब्लॉक में ब्लॉक उपाध्यक्ष बलदेव नेताम, ब्लॉक सचिव रिकेश कुँवर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गणेश जायसवाल, पार्षद संगीता पुजारी, अभिषेक जायसवाल, हरीश, जी. एस. मरकाम, और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण लेने वाले 250 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# 7 को प्रदेश पंचायत सचिव संघ का सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

7 जुलाई को प्रदेश पंचायत सचिव संघ का सम्मान समारोह बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम रायपुर में रखा गया है ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विष्णु देव साय मुख्यमंत्री सहित उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ,अरुण साव कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री रहेंगे । डॉ रमनसिंह विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री एवं विजय बघेल सांसद भी शिरकत करेंगे। कार्यकारी प्रांताध्यक्ष कोमल निषाद ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रति वर्ष 7 जुलाई को प्रदेश के सभी जिला ,ब्लाक मुख्यालय में सचिवो ने स्थापना दिवस मनाया जाता है। लेकिन इस वर्ष 7जुलाई को सचिव दिवस की अवसर पर प्रदेश स्तरीय भव्य सम्मान समारोह बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम रायपुर में रखा गया है ।*सचिव दिवस पर सचिव संघ द्वारा जनहित कार्य किया जाता है लेकिन इस बार संयुक्त रूप से पूरे 10485 सचिव भव्य सम्मान समारोह इंडोर स्टेडियम रायपुर में सम्मिलित हो रहे हैं। सचिवों द्वारा जितना कार्य सेवा भावना के साथ किया जाता है, उसके बदले शासन से सभी सुविधाएं नहीं मिल पाती, जिसके वे वास्तव में हकदार है। पंचायत सचिव का एक सूत्री लंबित मांग दो वर्ष परीविक्षाअवधि पश्चात शासकीयकरण है।प्रदेश पंचायत सचिव संघ छग रामकरण सिन्हा प्रदेश मिडिया प्रभारी ने जानकारी देते बताया कि सर्वप्रथम 07 जुलाई 2007 को मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंहजी प्रदेश पंचायत सचिव संगठन का सम्मेलन जांजगीर चांपा में उपस्थित होकर पंचायत कर्मी से ग्राम पंचायत सचिव वेतनमान पे ग्रेड का निर्धारण हेतु घोषणा किया गया । इससे पहले पंचायत कर्मी हुआ करते थे। तब से लेकर आज तक पंचायत सचिव प्रतिवर्ष 7जुलाई को सचिव दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं।

# भानुप्रतापपुर में एक पेड़ मां के नाम अभियान का किया गया शुभारंभ

**भानुप्रतापपुर।** शुक्रवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ हुआ। पर्यावरण के लिए ज़रूरी हैं पेड़-पौधे बढ़ते कंक्रीट के जंगलों और घटते हुए पेड़ पौधों के चलते पर्यावरण लगातार असंतुलित हो रहा है। हर साल प्रदूषण खतरा बढ़ते जा रहा है। इसके साथ ही साथ बे-मौसम बारिश और ओलावृष्टि, हद से ज्यादा गर्मी, कभी कम तो कभी ज्यादा ठंडी जैसे, बाढ़ जैसे पर्यावरणीय असंतुलन के उदहारण है। इसके लिए जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पेड़ पौधे लगाए जाएं जिससे इन सब समस्याओं से थोड़ी बहुत राहत मिल सके। उल्लेखनीय है कि गत पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ किया था। उन्होंने नई दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में पीपल का पेड़ लगाते हुए देशवासियों से आग्रह किया था कि वे सभी अपनी माताजी के नाम पर कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं। इस अभियान के तहत शुक्रवार को अंतागढ़ विधायक विक्रम देव उसेंडी के द्वारा इसका शुभारंभ किया गया। भानुप्रतापपुर के पूर्व मंडल विभाग द्वारा आयोजित इस अभियान की शुरुआत वन मंडल कार्यालय के सामने श्री उसेंडी के साथ भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ ने पौधारोपण कर किया। इस मौके पर वन विभाग के अधिकारियों एवं आनंद मार्ग के स्कूल के स्कूली छात्र-छात्राए भी मौजूद रहे। वहीं गांव-गांव में नि शु ल क पौधारोपण के लिए वन विभाग की वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।अभियान के तहत आज फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे लगभग 100 पौधे पार्क के किनारे लगाए गए। जहां पर प्रतिदिन हजारों नगर वासी मॉर्निंग और इवनिंग वॉक के लिए आते हैं। डीएफओ दुलेश्वर प्रसाद साहू ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ पौधों का अहम योगदान होता है. ऐसे में भानुप्रतापपुर वन विभाग द्वारा सभी के साथ मिलकर ढेड़ लाख से अधिक पौधारोपण का लक्ष्य रखा है। ताकि, पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सके. उन्होंने कहा कि प्रकृति और मां दोनों का ही हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है. इसलिए अबकी बार एक पेड़ मां के नाम से विशेष मुहिम शुरू की गई है. ताकि, जिस तरीके से हम अपनी मां की देखभाल करते हैं ठीक उसी तरह प्रकृति की भी देखभाल करें। एसडीओं आईपी गेन्द्रे ने बताया पेड़ हमारे सबसे अच्छे दोस्त हैं। वे पानी और मिट्टी को भी साफ करते हैं और अंततः पृथ्वी को एक बेहतर जगह बनाते हैं। यह भी एक तथ्य है कि जो लोग पेड़ों के पास रहते हैं वे उन लोगों की तुलना में अधिक स्वस्थ, फिट और खुश रहते हैं जो पेड़ों के पास नहीं रहते। पेड़ों का महत्व हमारे जीवन और इस पृथ्वी को बचाने के लिए है। इस अवसर पर विधायक विक्रम देव उसेंडी ने कहा कि पेड़ हमारे परम मित्र हैं और हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक है। वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, मिट्टी के कटाव को रोकते हैं और पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के साथ ही पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखते हैं। उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में वृक्षारोपण करें तथा पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा रखने में अपना योगदान दे।उन्होंने सभी नगर व क्षेत्र वासियों से अपील की है की एक पेड़ मां के नाम एवं चेतना अभियान, के तहत अतुलनीय व सुरक्षित भानुप्रतापपुर बनाने के लिए सभी लोग अधिक से अधिक पेड़ लगाएं एवं पर्यावरण को संरक्षित एवं सुरक्षित रखें। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरविंद जैन युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजा पाण्डे भाजपा मंडल महामंत्री डिगेश खापर्डे भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष ललित गांधी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आकाश सोलंकी युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संकेत नसीने व्यापारी प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रदीप जैन आदि उपस्थित थे।






# मयूरडोगन में मनाया गया संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कोण्डागांव विद्र खण्ड अन्तर्गत संकुल केंद्र मयूर डोंगर में दिनांक 05,07,2024 को संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास पूर्ण आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपदसदस्य परमेश्वर नेलाम विशिष्ट अतिथि सरपंच मयूरडोंगर, सरपंच बोरगाव पंचगण, पालक गण महिला समूह, गणमान्य नागरिक शिक्षक,शिक्षिकाएँ एवं छात्र–छात्रओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। एक विद्यालयीन परमपरा अनुसार कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि के साथ सभी ने सरस्वती की एवं वंदना से किया गया। नव–प्रवेशी छात्र–छात्रनों का तिलक चंदन से स्वागत करते हुए, पाठ्यपुस्त गणवेश, वितरण किया गया। संकुल प्राचार्य मुकेश सेमलन संकुल समन्वयक दुर्गाशंकर दीवाने, कीं यशवंत देवागम, जमील अहमद रामसिंग नाग, भी हमेश्वर पटेल, सुकालुराम मंडावी संजीव तालुकदार एवं मुख्य अतिथि द्वारा शाला प्रवेश के उद्देश्य, शतप्रतिशत बच्चों का शाला प्रवेश के लिए पालकों को प्रेरित किया, शिक्षा की महत्ता, शासन एवं शिक्षा विभाग की विभिन्न योजाओं आदि विषयों पर अपने उद्बोधन में प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजुराम मरकाम, तुलेश्वर नाग मनासं कश्यप, कु चन्द्ररेखा की दिलीप कश्यप श्रीमती सुडलदई बेलाम, श्रीमती रीता प्रधान, जीवनधर नेताम, कु. दुलेश्वरी ध्रुव परमानंद वैध, कुमार नाग एवं समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं सराहनीय भूमिका रही।

कार्यक्रम के पष्चात नव प्रवेशी बच्चों को मिष्ठान वितरण किया। अपने उदबोधन में वक्ताओ ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संचालन व्याख्याता दिनेश धुरव ने किया।

## पेज 9 के शेष

### कचरा पृथक्कीकरण...

अज्ञात व्यक्ति ताला तोड़कर रह रहे है। मौका स्थल पर जांच में आने पर ताला लगाकर कहीं चले गए है। उक्त कचरा घर में ताला लगा है, उसे तोड़कर वहाँ पर रखे सामान की जप्ती किया गया और जप्तीनामा बनाया गया। जप्तीनाम में सरपंच और कुछ लोगों के हस्ताक्षर है। इस मामले में सरपंच व सचिव के मोबाईल नंबर पर काल किया गया, परंतु कॉल रिसीव नहीं हुआ।

### खेत में निर्माणधीन...

को बताया कि उसकी मौत हो चुकी है, युवती के सिर में गंभीर चोट आई थी। चिकित्सकों के बताते ही परिजनों को रोना शुरू हो गया और पूरा माहौल गमगीन हो गया। घटना की जानकारी पुलिस को दिया गया। पुलिस ने प्रारंभिक जानकारी लेकर शव का पंचनामा बनाया और शव का पीएम करवाया गया। पीएम के उपरांत शव को परिजनों को सौंपा गया।

### महिला किसान के...

चल पाया। खोजबीन करने पर किसी भी तरह की कोई जानकारी नहीं मिलने पर कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँची और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दिया। पतासाजी करने के चक्कर में चोरी जब हुई थी, तब रिपोर्ट नहीं लिखा पाई। पंप की अपने स्तर पर पतासाजी करने पर विफल होने के उपरांत थाना पहुँचकर शिकायत किया। कांकेर पुलिस ने प्रार्थियां की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### खेत बोआई के...

द्वारा दी गई गाली और मारपीट ट्रेक्टर के चालक मुकेश पटेल पिता तुलसी राम पटेल ने देखा है। पीड़ित छोटे भाई ने कार्यवाही करने की माँग किया। प्रार्थियां की शिकायत पर कोरर पुलिस ने आरोपी बड़ेभाई और भाभी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना मे लिया गया।

### जल जीवन मिशन...

पानी में उपलब्ध खनिजों में लोहे की अधिकता पाई गई। अलग-अलग मौसमों में यहां के लोगों को पानी से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता था। कई मोहल्लों में गर्मी के दिनों में हैण्डपंप सूख जाने से पीने तथा निस्तारी के लिए अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता था। कई लोगों के घरों में शासन द्वारा शौचालय का निर्माण किया गया है, परन्तु पानी की कमी के कारण गांव वालों द्वारा शौचालयों का उपयोग नही कर पा रहे थे। स्कूल तथा आंगनबाड़ी में भी पीने के पानी की समस्या हमेशा बनी रहती थी, लेकिन अब जल जीवन मिशन के तहत योजना के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन से करियापहर के ग्रामवासियों को पानी की समस्याओं से छुटकारा मिला है।

### आनलाइन भुइयां में...

सामना करना पड़ रहा है। भुईयां साफ्टवेयर में किए जा रहे नए नए प्रयोग से किसानों की समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है, जिसका सारा जिम्मेदार पटवारियों को माना जा रहा है। भुईयां साफ्टवेयर में आवश्यक सुधार करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदारी भी तय की जाये तथा दोषी पर कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए अथवा पटवारियो को प्रताड़ित करने के बजाए पटवारी का पद ही समाप्त कर दिया जाए।

# लोगों को जागरूक करने आंगनबाड़ी में अन्नप्राशन दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम महेन्द्रपुर आंगनबाड़ी केन्द्र में महिलाओं और शिशुओं के स्वास्थ व पोषण पर विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया जा रहा है। छ माह के शिशुओं को स्तनपान कराने के साथ साथ सही पोषण उपलब्ध कराने के लिए लोगों को जागरूक करने आंगनबाड़ी में अन्नप्राशन दिवस का आयोजन किया गया।

छह माह पूर्ण कर चुके सभी बच्चों को खीर खिलाकर उनके ऊपरी आहार की शुरुआत की गई। इसके साथ ही केन्द्र पर उपस्थित सभी माताओं को शिशुओं के बेहतर पोषण की जानकारी की जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी सेविका बिन्दा सलाम ने बच्चों की माताओं को बुलाकर माताओं को बताया की 6 से 9 माह के शिशु को दिनभर में 200 ग्राम सुपाच्य मसला हुआ खाना, 9 से 12 माह में 300 ग्राम मसला हुआ ठोस खाना,12 से 24 माह में 500 ग्राम तक खाना खिलाया जाना चाहिए। शिशुओं को



अतिरिक्त आहार के मिलने से उनके शरीर में तंदुरुस्ती आने के साथ ही उनके मस्तिष्क विकास में भी वृद्धि होती है। सही समय पर सही पोषण से ही देश में कुपोषण की समस्या को खत्म किया जा सकता है। मीना उइके ने बताया की पहले 6 माह तक शिशु के शारीरिक व मानसिक विकास को मजबूत बनाने में सहायक होता है। स्तनपान कराने से शिशुओं को डायरिया, निमोनिया, कुपोषण जैसी विभिन्न गंभीर बीमारियों से लड़ने की ताकत मिलती है। इस अवसर पर निर्मला सलाम, शशी उईके, अनुपा नरेटी, महेश्वरी उईके, आदि उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### सार्वजनिक शराबखोरी पर तीन युवक पकड़ाए

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम माहुद मेन रोड नाला के पास अवैध रुप से शराब का सेवन करते तीन आरोपियों को पुलिस ने दबोचा और आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। चारामा थानांतर्गत पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थान ग्राम माहुद मेन रोड नाला के पास शराब पी रहें हैं। जानकारी की तस्दीक कर पुलिस ने ईलाके की घेराबंदी किया। पुलिस की घेराबंदी को देखकर कुछ व्यक्ति वहां से भाग गए, आरोपी पुलिस को देखकर शराब बॉटल व डिस्पोजल को नाला में फेंक दिए वहीं तीन अरोपी उडुकुड़ा निवासी 31 वर्षीय लोचन बेसरा पिता मोहन बेसरा, भिरौद निवासी 26 वर्षीय ईश्वर निषाद पिता तुलाराम और उड़कुड़ा निवासी 35 वर्षीय अनिल कुमार साहू पिता चैतराम साहू को 4 जुलाई की शाम करीबन पौने 6 बजे अवैध रूप से शराब का सेवन करते हुए पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 36 (च) 1 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### तीन साल की बच्ची को स्कूल में भर्ती कराया



**कांकेर।** माटवाड़ा लाल निवासी मेघा विश्वकर्मा पिता बेदु विश्वकर्मा घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण सातवी कक्षा से पढ़ाई छोड़ना पड़ा, परंतु प्रवेश नहीं मिल रहा था। मितानिनों ने युवती को 29 मई को कलेक्टोरेट में आवेदन दिया, जिसका निराकरण 6 जुलाई को शा. पूर्व माध्यमिक शाला माहुरबंदपारा में प्रवेश कराया। माटवाड़ा लाल निवासी एमटी भावना गोस्वामी ने बताया की छात्रा अपनी आर्थिक स्थिति के कारण पढ़ नहीं पा रही थी और तीन साल से अपनी पढ़ाई को छोड़ दी थी। बैठक के द्वौरान एक दिन बच्ची से मुलाकात हुई और उसके बाद हम लोगों ने मिलकर बच्ची को कलेक्टोरेट लेकर गए, जहां पर कलेक्टर की अच्छी मदद मिली। शिक्षा विभाग भी गए और उनकी मदद से 6 जुलाई को बच्ची का आठवीं कक्षा में शा.पूर्व माध्यमिक शाला माहुरबंदपारा कांकेर में प्रवेश दिलाया। माहुरबंदपारा स्कूल में शिक्षकों का भी सर्पोट मिला और प्राधान अध्यापक जगदीश प्रसाद सोनी ने कहा कि यहां पर बच्ची की अच्छे से पढ़ाई होगी साथ स्कालरशिप भी मिलेगा।

### छग पेंशनर संघ की बैठक 10 को होगी

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ पेंशन धारी कल्याण संघ के अध्यक्ष एवं उप प्रांताध्यक्ष केके द्विवेदी ने जारी बयान में कहा कि बैठक 10 जुलाई को प्रातः 11 बजे छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य कर्मचारी संघ कार्यालय में होगी। सभी पेंशनर साथी सदस्यता शुल्क जमा कर सकते हैं।

## पखांजूर स्कूल में संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव मनाया गया

# पखांजूर इलाके के बच्चे का लगातार प्रावीण्य सूची पर, क्षेत्र का नाम रौशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखाजूर

नगर पखांजूर स्थित हायर सकेंडरी स्कूल में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन विधायक विक्रम उसेंडी के मुख्य आतिथ्यि, नगर पंचायत अध्यक्ष मोनिका शाह की अध्यक्षता में हुआ। अतिथियों द्वारा नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर शाला में प्रवेश कराया। 9 वीं की 20 छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत निःशुल्क सायकल का विरतण किया गया।

पखाजूर स्थित हायर सकेंडरी स्कूल में 5 जुलाई को विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि विक्रम उसेंडी ने कहा कि कोई भी छात्र शाला प्रवेश से न छूटे, इसके लिए 26 जुलाई से प्रदेश स्तर पर हर स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने हर शिक्षक पालको और जनप्रतिनिधि से अपील करते हुए कहा कि कोई बच्चा स्कूल जाने से न छूटे इसके लिए वे भी प्रयासरत रहे। इस अवसर पर उन्होने कहा की विशेष अभियान के तहत उनकी सरकार में हर



तीन किमी में प्राथमिक शाला और पांच किमी में हाई स्कूल खोले गए थे, आज उसी का परिणाम भी दिख रहा है। गांव का हर बच्चा अब स्कूल जा रहा है, साथ ही हाई स्कूल स्तर तक की पढाई भी पूरी कर रहा है। उन्होनें कहा की पहले उनका क्षेत्र नक्सल प्रभाव के लिए जाना जाता था, आज शिक्षा के लिए जाना जाता है। क्षेत्र का कोई न कोई छात्र प्रदेश की प्रवीण सूची में स्थान बना रहा है। यह सब शिक्षकों और छात्रों की मेहनत से ही साकार हुआ है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा शाला परिसर में एक पौधा भी रोपा गया और 20 छात्राओं को शासन की ओर से मिलने वाली निःशुल्क सायकल का विरतण भी किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल ने बताया की गर्मी के अवकाश में जिले के हर घर में शिक्षकों द्वारा सर्वे कराया गया है, जिसमें वर्तमान में 2 लाख बच्चें मिले जो स्कूल जाने योग्य है, जिसमें से 10 प्रतिशत बच्चे वर्तमान में ड्राप आउट हो चुके है, इन्हें पुनः स्कूल से जोडने के लिए जिले भर में अभियान चलाया जाएगा, ताकि यह बच्चें भी ओपन स्कूल व अन्य माध्यमों से पढ़ाई शुरू कर मुख्य धारा में आ सके। आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष किशोर मंडल, मंडल अध्यक्ष श्यामल मडल, नारायण साहा, बबलू सरकार, दीपांकर दत्ता, शंकर सरकार, निमाई विश्वास, गणेश साहा, किशोर हालदार सहित बीईओ केजूराम सिन्हा, प्राचार्य पखांजूर अजय कुमार सेन, बीआरसी विप्लव बनर्जी, गजाधर जैन, कुसुम जैन, भोला प्रसाद ठाकुर, सोपसिंह नेताम, अरूण , अजीत ठाकुर, कृष्ण पाल राणा, अरुण रावटे, असीम मिस्त्री रूद्रनारायण शर्मा, संतोष जायसवाल, सहित शिक्षक व छात्रगण उपस्थित रहे।

# संपूर्णता अभियान की सफलता के लिए हुई कार्यशाला दुर्गूकोंदल का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

नीति आयोग का गठन हमारे देश के सबसे अविकसित जिलों और विकासखंड में गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए निर्मित है। इसी परिपेक्ष्य में 5 जुलाई को आकांक्षी योजना अंतर्गत चयनित विकास खंड दुर्गुकोंदल में संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेजेस के विद्यार्थियों के द्वारा 10 बजे संपूर्णता अभियान अंतर्गत रैली निकाली गई, रैली में सम्मिलित सभी विद्यार्थी को टी शर्ट वितरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कृष्णकांत शर्मा ने कहा कि संपूर्णता अभियान के माध्यम से हम सभी को मिलकर इन्ही लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा साथी संगठन और सरकारी विभाग भी हमारे साथ है। इस यात्रा में हम सबका सहयोग और साझेदारी महत्वपूर्ण है। हम सब मिलकर इस कार्य में सफलता प्राप्त करेंगे। विभिन्न संस्था द्वारा स्वच्छता अभियान,सोशल मीडिया का बढ़ता प्रकोप, बालिका शिक्षा और छत्तीसगढ़ संस्कृति पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति पर प्रतिभागी छात्र छात्राओं के प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कार वितरण भी किया गया। इसके पश्चात शिक्षा सत्र 2023-24 में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त विद्यार्थी खुशी दुबे कक्षा दसवीं में 95 प्रतिशत, भूपेश कुमार 92प्रतिशत, कुमारी रेशमी 91 प्रतिशत कक्षा 12 वीं कला संकाय से कुमारी दिव्या 89 प्रतिशत, विज्ञान संकाय से 81 प्रतिशत वाणिज्य संकाय से 86 प्रतिशत को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष संतो दुग्गा अध्यक्ष, पीलम नरेटी, राधा अशोक जैन जनपद सदस्य क्षेत्र दुर्गुकोंदल, देवेन्द्र टेकाम जनपद सदस्य क्षेत्र तरहूल, शकुन्तला नरेटी, रामचंद कल्लो, मनीषा मंडावी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीरेन्द्र जायसवाल, अंजीर अंजली पाण्डे, शोवन बेरा आंकक्षी जिला फेलो, सुरेन्द्र बजारे मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुर्गुकोंदल, आंकाक्षी विकास खंड फेलो प्रीति गंजीर के निर्देशन में आयोजित हुआ। सभी अतिथियों द्वारा सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया गया और उनके द्वारा बनाएं गए प्रोजेक्ट व्यंजन की प्रशंसा किया।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

शासकीय महाविद्यालय सरोना साल्हेभाटा में 04 जुलाई को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सेमेस्टर प्रणाली के क्रियान्वयन, विषयों का चुनाव, बहु आयामी शिक्षा प्रणाली, छात्र-छात्राओं के समस्या समस्याओं के निवारण आदि के बारे में विस्तार से चर्चा किया।

कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य आरके ध्रुव के स्वागत भाषण देते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति देश की प्रगति में अहम भूमिका है। उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ की ओर से एनईपी 2020 के बेहतर क्रियान्वयन के लिए महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के



लिए शास. इन्दू केवट गर्ल्स कॉलेज प्रोफेसर सुनील कुमार साहू कालेज पहुंचे और उन्होने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए 2030 तक सफलतापूर्वक संचालन के लिए प्रेरित किया। इन्होंने एक दिवस कार्यशाला में सेमेस्टर प्रणाली के क्रियान्वयन, विषयों का चुनाव, बहु आयामी शिक्षा प्रणाली, छात्र-छात्राओं के समस्या समस्याओं के निवारण आदि के बारे में विस्तार से चर्चा किया। सेमेस्टर प्रणाली लागू, कला संकाय वाले विज्ञान संकाय या वाणिज्य के विषयों का अध्ययन कर सकते हैं। विद्यार्थी इच्छा अनुसार विषयों का चयन, नियमित एवं महाविद्यालय विद्यार्थियों का एक साथ परीक्षा, रोजगार संबंधित विषयों का अध्यापन आदि। कार्यशाला में प्राचार्य, समस्त प्राध्यापक गण एवं कर्मचारी गण उपस्थिति रहे।

# पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख रुपए दिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल के 50 वर्ष निवासी अनूप नागवंशी का लम्बी बीमारी होने से उनका निधन 08 नवंबर 2023 को हुआ था। दिबंगत व्यक्ति के नाम से दुर्गुकोंदल प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत वार्षिक प्रीमियम 436 रुपए की दर से 05 अगस्त 2022 को किया गया था। ग्राहक सेवा केंद्र द्वारा हितग्राही का बीमा किया गया था एवं उनका निधन होने के बाद नॉमिनी पत्नी मीना नागवंशी को 2 लाख रुपए उनके बचत खाते में बीमा के राशि प्राप्त हुआ। बीमा राशि बैंक प्रबंधक जीतराय हेमबरोम फील्ड ऑफिसर सत्यम निषाद व ग्राहक सेवा केंद्र के संचालिक



मनीषा मैदावार की उपस्थिति में हितग्राही के आश्रित पत्नी को राशि बीमा की जानकारी बैंक स्टेटमेंट के माध्यम से अवगत कराया गया और उन्हें उनको राशि की जानकारी बैंक प्रबंधक जीतराय हेमबरोम के द्वारा दी गई। इस अवसर पर शाखा, बैंक प्रबंधक जीतराय हेमबरोम एवं फील्ड ऑफिसर सत्यम निषाद ने भारतीय स्टेट बैंक के बीमा की जानकारी दी गई, जिसमें एसबीआई प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना वार्षिक प्रीमियम 436 रूपए में दुर्घटना होने पर 2 लाख रुपए समस्त बचत बैंक खाता धारकों के लिए जिनकी आयु 18 से 70 वर्ष है। बीमा में दुर्घटना जनित स्थाई विल्लांगता भी शामिल हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना वार्षिक पेमेंट 436 रुपए में 2 लाख रुपए का जिसके अंतर्गत समस्त वचत बैंक खाता धारों के लिए इनकी आयु 15 से 50 वर्ष है। दुर्घटनाग्रस्त होने से उनके परिवार को बीमा की राशि प्रदान की जाएगी व अटल पेंशन योजना 15 वर्ष से 40 वर्ष तक लोग शामिल हो सकते हैं, जिसमें कम से कम निवेश बुढ़ापे में अधिक से अधिक लाम प्राप्त हो सकता है। भारतीय स्टेट बैंक शाखा के हितग्राहियों से कहा कि यह भारतीय स्टेट बैंक एवं ग्राहक सेवा केंद्र से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना अवश्य कराएं। साथ ही उन्होंने कहा अधिक जानकारी के लिए भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में संपर्क कर सकते हैं।

इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक, बैंक सहायक रणधीर कुमार, वरुण कुमार सिंह, कंवर लाल पटेल, संतोष कोरोटी, प्रशांत कुमार, आदित्य मैदावार, संमीना पटेल, शोभना, नगीना पटेल, शांति, सोनिया, मीना, कुमिता, चंचल व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उमरादाह शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों का टीका लगाकर स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरादाह

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले के प्राथमिक शाला पूर्व माध्यमिक शाला शासकीय विद्यालय ग्राम उमरादाह में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया।

प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में कक्षा पहली एवं छठवीं के बच्चों को प्रवेश देने के साथ ही जिला पंचायत के पूर्व सदस्य संजय जुर्री ने तिलक लगाकर स्वागत किया और निशुल्क गणवेश और पुस्तकों का भी वितरण किया। इस अवसर पर उन्होने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर देने की बात कही। स्कूल के विकास के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया, उन्होंने बच्चों को पढ़ाई में मेहनत करने और अपने भविष्य को उज्जवल बनाने की सलाह दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य हेमलाल नाग, उप सरपंच मयाराम नरेटी, मानसाय जुरी, सहदेव जैन, आरके यादव प्राचार्य उमरादाह, सियाराम साहू संकुल समन्वयक उमरादाह, ममता साहू, सोनउ राम कोमरा, श्रवण पटेल, शकुंतला सरदार, बरन सिंह उईके, कन्हैया राम जुरी, वीरेंद्र कुंजाम, कामिनी गजींर, बुद्धेश्वर भास्कर, विवेक साहू, चंद्रशेखर नेताम, संदीप कुमार, विजेंद्र नागवंशी, डीडी भारद्वाज, उदय कुमार यादव, वीर सिंह नेमात, नूर सिंह जंजीर आदि संकुल के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐक्जिमा, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

# बीएससी एग्रील्चर फाइनल के छात्र 9 दिनी शैक्षणिक प्रवास पर




हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सिंगारभांट के बीएससी कृषि तृतीय वर्ष के 38 विद्यार्थीयों का शैक्षणिक भ्रमण दल अधिष्ठाता डॉ. एनके रस्तोगी एवं प्राध्यापकगण के निर्देशन व इजी. गंगाधर भगत सहायक प्राध्यापक मृदा एवं जल संरक्षण इंजीनियरिंग, डॉ. जागृति पटेल अतिथि शिक्षक मृदा विज्ञान के मार्गदर्शन में अपने 9 दिवसीय प्रवास में 24 जून को रवाना हुआ।

प्रवास के प्रथम दिन 25 जून को छात्र छात्राओं ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान आईएआरआई नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो एनबीपीजीआर नई दिल्ली का भ्रमण एवं अवलोकन किया। डॉ.गिरिजेश महार ने आईसीएआर की सभी तरह की शिक्षा एवं प्रसार कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी दी साथ ही विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया l 26 जून को विद्यार्थियों का दल भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान आईआईएसडब्ल्यूसी, वन अनुसंधान संस्थान एफआईआर एवं भारतीय रिमोट सेंसिंग संस्थान आईआईआरएस देहरादून उत्तराखंड पहुंचा। जहां विद्यार्थियों को एसके चौधरी वैज्ञानिक प्रसार शिक्षा ने मृदा एवं जल क्षरण की रोकथाम के उपाय के बारे के छात्र छात्राओं को अवगत कराया एवं इसरो वैज्ञानिक जावेद खान ने छात्र छात्राओं को रिमोट सेंसिंग के जरिए कृषि में उत्पादन बढ़ोतरी, मौसम का पूर्वानुमान आदि के बारे में जानकारी प्रदान किया। वन अनुसंधान संस्थान में छात्र छात्राओं ने वानिकी पौधों के बारे में अध्ययन किया एवं वहां के परिस्थितिक तंत्र का अवलोकन किया। अंतिम चरण में विद्यार्थियों का दल हरिद्वार पहुंचा जहां उन्होंने गंगा नदी के बहाव की स्थिति का अवलोकन किया।

